



## एक नजर में

### खाद बीज दवा विक्रेताओं की 30 को हड़ताल

**रतलाम।** जिला खाद बीज दवाई विक्रेता संघ के आव्हान पर प्रदेश सचिव एवं आल इंडिया प्रवक्ता संजय रघुवंशी एवं जिला अध्यक्ष रमेश गर्ग के नेतृत्व में पुरे जिले की समस्त कृषि आदान विक्रेता अपनी विभिन्न मांगों के लिए हड़ताल करके एकत्रित हो कर कलेक्टर कार्यालय में बुधवार 30जुलाई को दोपहर 2 बजे जिलाधीश को ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे । शहर अध्यक्ष मनोज बोराणा जिला सचिव लोकेश मित्तल, दिलीप अग्रवाल, नरेन्द्र पिपाडा, मांगीलाल मेहता, प्रवीण पाटीदार, सचिन संघवी,ओ पी पोरवाल एवं सभी पदाधिकारियों ने आग्रह किया है कि अधिक से अधिक की संख्या में रैली मैं सम्मिलित हो कर एक जुटता का प्रदर्शन करें।

### आयुष मालवीय हत्याकाण्ड में कांग्रेस ने की दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

**रतलाम।** दलित नाबालिग युवा आयुष मालवीय हत्याकाण्ड में कांग्रेस ने की दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की हैं।जिला प्रवक्ता श्रीमती रश्मि सिंह ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की मोहन यादव सरकार में मध्यप्रदेश में दलितों, आदिवासियों ,पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यक समाज के ऊपर अन्याय, अत्याचार, बलात्कार और हत्याओं की घटनाएं लगातार मध्यप्रदेश को शर्मशार कर रही हैं।और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं रतलाम के मंत्री श्री चैतन्य कश्यप कुंभकर्ण की नींद सो रहे हैं।ताज़ा मामला नामली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम काण्डरवासा का है जहां दो दिन पहले रात्रि में एक दलित युवा आयुष मालवीय की कुछ सामंतवादी लोगों ने पीट पीटकर,उसके बाल काटे ,उसके कपड़े फ़ाड़े और हत्या कर फेंक दिया। इस घटना से रतलाम सहित सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में दलित समाज में आक्रोश व्याप्त है। एवं दलित और आदिवासी समाज में भय का वातावरण बना हुआ है।वैसे भी मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा, रोजगार एवं आरक्षण हर स्तर पर दलितों आदिवासियों,का जमकर शोषण कर रही है। समरसता का ढोंग करने वाली भाजपा और आरएसएस जब दलितों की हत्या होती है तब क्यों आन्दोलन नहीं ।रश्मि सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ हत्या की धारा 302 एवं एट्रोसिटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।एवं पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। अगर एक सप्ताह में मुख्य दोषी एवं उनके सहयोगी नहीं पकड़े गए तो रतलाम जिले के सभी दलित , आदिवासी संगठन एवं कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे।

### सांवरिया सेठ की पदयात्रा पर निकले दल का परस्पर द्वारा स्वागत



**रतलाम।** प्रतिवर्ष सांवरिया तीर्थ पर निकलने वाले पैदल यात्री संघ का संस्था परस्पर के सदस्यों ने स्वागत कर शुभकामनाएं व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि समाजसेवी सांवरिया सेठ भक्त विनोद राठौड़ विगत 20 वर्षों से पैदल दल के साथ सांवरिया सेठ की यात्रा कर रहे हैं।इसी कड़ी में आज भक्तों का जत्था प्रातः 8:00 बजे सांवलिया सेठ के लिए रवाना हुआ। पद यात्रियों का स्वागत संस्था परस्पर द्वारा माणक चौक मैं किया गया। इस अवसर पर संरक्षक अभय सुराणा, सचिन मिलन राखेचा, महेश व्यास, सोनू व्यास, कमलेश पालीवाल, प्रीतम भरगट, सुभाष नागोरी, चंदन राठौर, सोनू व्यास, रमेश पोरवाल आदि उपस्थित थे।

### नवांकुर सखी हरियाली अभियान के तहत भव्य कलश यात्रा और पौधा वितरण कार्यक्रम संपन्न

**रतलाम।** मप्र जनअभियान परिषद विकासखण्ड की नवांकुर संस्था श्रीमती सरोज वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खजुरिया द्वारा नवांकुर सखी हरियाली अभियान के अंतर्गत ग्राम खजुरिया में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सभी सखियों ने कलश एवं पौधों के साथ यात्रा निकाली, जो पर्यावरण जागरूकता का प्रतीक बनी। कार्यक्रम के समापन पर प्रत्येक महिला को 11-11 पौधे वितरित किए गए। अतिथियों के प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। श्रीमती कला कुँवर सोलंकी (सरपंच) ने कहा कि 卐आज जब हम पर्यावरण असंतुलन की समस्या से जूझ रहे हैं, तब इस प्रकार के हरियाली अभियान न केवल प्रकृति की सेवा हैं, बल्कि अगली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का प्रयास भी हैं। ग्राम खजुरिया की महिलाओं ने जो उत्साह दिखाया, वह अत्यंत प्रशंसनीय है।ईश्वर सेन (प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना प्रतिनिधि) ने कहा महिलाएं अब केवल घर तक सीमित नहीं हैं, वे पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।इस कार्यक्रम ने ग्राम स्तर पर जनसहभागिता की मिसाल पेश की है।बने सिंह सोलंकी (समाजसेवी एवं अध्यक्ष अतिथि) ने कहा एक पौधा लगाना केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि जीवन को सुरक्षित करना है।कलश यात्रा के माध्यम से जिस तरह यह अभियान जन-जन तक पहुँचा है, वह सराहनीय प्रयास है। सखियों की भूमिका प्रेरणा देने वाली है।कार्यक्रम में परामर्शदाता अर्पित शिकारी ने नवांकुर सखी हरियाली अभियान की विस्तृत जानकारी दी और संचालन का उत्तरदायित्व निभाया।इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खजुरिया के अध्यक्ष प्रेमसिंह गुर्जर, सचिव जितेंद्र प्रजापत, पंच किरण कुंवर डोडिया, रमेश सेन, राधेश्याम प्रजापत, वसंत गुर्जर, जितेंद्र पांचाल, राधेश्याम सेन, मांगीलाल गोयल, जसवंत सिंह, राकेश परमार, समरथ परमार, मुकेश दमामी, बर्डिया गोयल समिति से अरविंद चौहान और विक्रम माली सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सचिव जितेंद्र प्रजापत द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# दूसरे दिन भी रिमझिम...धोलावाड़ का एक गेट खोला

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** लमबी खेच के बाद शुरू हुई बारिश से पूरा शहर तरबतर हो गया हैं। शनिवार को तेज बारिश से जहां नदी, नाले उफान पर पहुंच गए वहीं रविवार को

**शहर में अब तक 21 इंच से बारिश दर्ज**

धोलावाड़ का एक गेट भी खोलना पड़ा। जिले में अब तक 21 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी हैं। शनिवार को शुरू हुई बारिश का दौर रविवार को भी जारी रहा। लगातार हो रही बारिश से पूरा शहर तरबतर हो गया, जिससे नदी, नाले भी उफान पर पहुंच गए हैं। अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे भी खिल उठे। कुछ क्षेत्रों में तेज तो कहीं जोरदार बारिश हुई का दौर लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। इससे सड़कों पर पानी बह निकला। इससे शहर में इस सीजन में अभी तक 21 इंच बारिश। जिले के सैलाना में सर्वाधिक 32 इंच से अधिक बारिश। पिछले 24 घंटे में आलोट में 32 मिमी, जावरा 74 मिमी, ताल में 67 मिमी, पिपलोदा में 75मिमी, बाजना में 46 मिमी, रतलाम में 108 मिमी, रावटी में 32 मिमी और सैलाना में 166 मिमी बारिश दर्ज की गई।



**धोलावाड़ 394 मीटर तक भरा,एक गेट खोला**



ईई जल संसाधन विभाग एनपी देव ने बताया कि धोलावाड़ बांध का कुल जल स्तर 395 मीटर के विरुद्धरविवार को सांय 4 बजे तक 394.00 मीटर तक भर गया था। इससे बांध के कैचमेंट में वर्षा होने से पानी की आवक को ध्यान में रखते हुए सांय 6 बजे से बांध का एक गेट खोलकर लगभग 1200 क्यूसेक अधिशेष जल की निकासी झामर नदी में की गई।

## गणेशोत्सव : गणपतिजी को 10 दिन तक स्वर्ण बर्क का चोला चढ़ेगा

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** श्री नित्य चिंता हरण गणपति मंदिर पैलेस रोड ट्रस्ट व श्री गणेश सत्संग मंडल की बैठक का हुई। बैठक के साथ मंदिर के दान पत्र को भी खोला गया।

**10 दिवसीय गणेश उत्सव को भव्य और विराट रूप से आयोजित करने हेतु ट्रस्ट बैठक की हुई**



रविवार को विशेष रूप से मंदिर के वरिष्ठ ट्रस्टी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य निमीष व्यास, समाजसेवी ओम प्रकाश सोनी, श्रीमाली ब्राह्मण समाज अध्यक्ष नयन व्यास की उपस्थिति में दान पत्र को खोला गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि गणेश उत्सव के पश्चात भक्तों के सहयोग से भगवान श्री नित्यहरण गणपतिजी, भगवान श्री अर्धनारेश्वर एवं वेद माता गायत्री जी के लिए 30 किलो चांदी का सिंहासन बनवाया जाएगा। साथ ही मंदिर के दीवाल एंव फर्श पर ग्रेनाइट लगाने का कार्य किया जाएगा। गणेश उत्सव पर भगवान गणपतिजी महाराज को 10 दिवसीय स्वर्ण बर्क का चोला चढ़ाया जाएगा। गणेश चतुर्थी पर मंदिर ट्रस्ट समिति की ओर से 11000 लड्डू का वितरण किया जाएगा एवं प्रतिदिन शाम को विशेष आरती एवं चार से पांच हजार भक्तों के मान से प्रसादी बनाई जाएगी। 10 दिवसीय श्री गणेश उत्सव पर मंदिर के अंदर और बाहर लाइट डेकोरेशन फ्लावर डेकोरेशन एवं टेंट डेकोरेशन किया जाएगा। दस दिवसीय श्री गणेश उत्सव पर विराट मूर्ति की स्थापना की जाएगी तथा गणेश विसर्जन पर रात्रि में मंदिर से चल समारोह एवं झांकी का आयोजन भी किया जाएगा।

## निरीक्षण में स्टेशन पर मिली लापरवाही

**रतलाम।** स्पेशल रेलवे मजिस्ट्रेट अतुल यादव ने रतलाम स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान लापरवाही सामने आई। जानकारी के अनुसार इसमें प्लेटफार्म 4 के एचपी एमसी जूस पार्लन पर अनाधिकृत रूप से अमरूद व केले बिकते मिले। स्टाफ के पास परिचय पत्र नहीं था। रेटलिस्ट डिस्पले नहीं की गई थी। स्टॉल नम्बर 16 टी कंचन रेस्टोरेंट पर बेचने वाला सामान गंदी जाली से ढका मिला। स्टॉल नम्बर 17 जी कंचन रेस्टोरेंट पर एक्सपायरी अग्निशामक टंगा था। बिलिंग मशीन भी उपलब्ध नहीं थी। सांची पॉलन का अग्निशामक यंत्र भी एक्सपायर हो गया था। एएच व्हीलर स्टाल पर अनाधिकृत ब्रांड स्मैक टैग मिला। स्टॉल 15 जी पर बिलिंग मशीन बंद मिली। दोनों एसी वेटिंग हॉल में कर्मचारी द्वारा रजिस्टर में एंट्री नहीं की जा रही थी।

## सामूहिक पूजन और अभिषेक का फल कई गुना बढ़ जाता है : मुनि 108 सद्भाव सागर मसा

**रतलाम।** चातुर्मास के दौरान स्टेशन रोड स्थित चद्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर पर मुनि 108 सद्भाव सागर मसा के सानिध्य धर्म सभा प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे से 9.30 तक चल चल रहीं है।

रविवार को धर्म के पूर्व मुनि श्री के सानिध्य में सन्मति युवा मंच के युवा साथियों एवं सभी समाज जनों द्वारा जिनेंद्र भगवान के अभिषेक एवं शांति धारा की गई। मंच के सदस्यों ने अपने अपने परिजनों के साथ मुनि श्री ससंघ के सानिध्य मे जिनेंद्र भगवान की पूजन-अर्चना कर पुण्य अर्जित किया। मुनि श्री ने पूजन के बारे में विस्तार से समझाते हुए जिवन मे पूजन का क्या महत्त्व हें व प्रति दिन पूजन व अभिषेक करने से हमे क्या फल मिलता है। मसा ने जैन रामायण पदम् चारित्र को समझाते हुए बताया कि आप सब लोगों के साथ बैठकर भक्ति की होगी शंभूशरण में, नहीं तो यहां पर आप सभी लोग एक साथ बैठकर चंद्र प्रभ भगवान की भक्ति नहीं कर पाते और ना ही आप सामूहिक पुण्य का फल ले पाते। सामूहिक एक साथ बैठकर पूजन, पाठ अभिषेक का बहुत महत्व है। भरत चक्रवर्ती के जीवन में एक साथ तीन खुशियां आई पहले पुत्र की दूसरा रत्न,स्वर्ण आदि और तीसरा मुनि भगवान के दर्शन की। उन्होंने सोचा की पुत्र को बाद में देख लूंगा तो भी चल जाएगा और रन आदि को भी बाद में देख लेंगे परंतु भगवान के अभी दर्शन नहीं किया तो वह मोक्ष मार्ग पर चले जाएंगे इसलिए सब काम छोड़कर यह दर्शन करने महोत्सव मनाने चले गए। दिगंबर जैन समाज के सभी समाज जन महिलाएं , पुरुष उपस्थित थे। उक्त जानकारी श्री चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन श्रावक संघ रतलाम के संयोजक मांगीलाल जैन ने दी।

# पूर्व सैनिकों से साथ मनाया कारगिल विजय दिवस,ऑपरेशन सिंदूर के सैनिक का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल ने 26 वॉं कारगिल पराक्रम दिवस विनोबा नगर स्थित कारगिल उद्यान में शनिवार को निगम

**भारत माता के चित्र पर किया माल्यार्पण**

अध्यक्ष मनीषा शर्मा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, सोना शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद धीरजकुवंर राठौर, कर्नल हरमीत सिंह, पूर्व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले कर्नल श्रीमती रेवा जोषी, पार्षद प्रतिनिधि किशोरसिंह राठौर व पूर्व सैनिकों के साथ हर्षोल्लास से मनाया।कार्यक्रम की शुरूआत प्रथम बीपीएसएसपी गीत से करते हुए 1999 में कारगिल युद्ध मे शहीद हुए सैनिको को श्रद्धांजलि दी गयी। उसके बाद 1999 कारगिल युद्ध मे शामिल पूर्व सैनिकों व आपरेशन सिंदूर में सम्मिलित हवलदार कपिल वाघेला का सम्मान महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष एवम विषेश अथितियों ने किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रतलाम इकाई के अध्यक्ष कैलाश निनामा, नायब सूबेदार वी के त्रिपाठी, सुरेंद्र सिंह वाघेला, ईश्वर सिंह राठौर, हवलदार अजित सिंह भदौरिया, विक्रम वाघेला, सूबेदार मेजर एम एस गोहिल आदि मौजूद रहे।




## शीघ्र ही विद्यालय का होंगा उन्नयन, छात्रावास खुलवाने के प्रयास किए जाएंगे : विधायक डोडीयार

**सैलाना।** शासन की निः शुल्क सायकिल योजना का लाभ शिक्षण सुविधा के साथ उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम मे दिखना चाहिए। माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम और उसकी लगन आगे की पढ़ाई का आधार स्तम्भ होता है जो आपकी दिशा निर्धारित करने मे महत्वपूर्ण है।

यह बात क्षेत्रीय विधायक कमलेश्वर डोडीयार ने एकीकृत माध्यमिक विद्यालय करिया मे स्कूली छात्रों के सायकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान पात्र सात छात्रों को सायकिल प्रदान की गई।जनशिक्षक अंजुम खान ने अपने सम्बोधन मे करिया के माध्यमिक विद्यालय को उन्नयन करने व लम्बे चोड़े कैम्पस व सुविधा को लेकर भौगोलिक स्थति के मायने छात्रावास की आवश्यकता पर बल दिया जिसपर विधायक ने उक्त कार्य प्राथमिकता से करवाने की बात कंही। कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रतिनिधि दिनेश खराड़ी उप सरपंच देवीलाल धबाई, आशा शर्मा, सविता कारपेंटर, सपना पाटीदार सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थे।स्वागत सम्बोधन शिक्षक महावीर गुर्जर ने किया आभार प्रधाना अध्यापक रेखा शर्मा ने माना।

# नागपंचमी महोत्सव शुरू, निकली भव्य कलश यात्रा

**रतलाम।** श्रावण मास में नागपंचमी पर्व के अवसर पर शिव शक्ति वासुकी धाम, स्नेह नगर (80 फीट रोड) पर तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 27 जुलाई को


**आज सहस्त्रधारा अभिषेक और रात्रि में सुंदरकांड होगा**

हुआ। रविवार को भव्य कलश यात्रा संस्कार ऋषि दिनेश व्यास घटवास के सान्निध्य में हनुमान ताल से प्रारंभ होकर वासुकी धाम पहुँची, जिसके पश्चात महाआरती हुई। समिति की चेतना पाटीदार एवं हेमंत मूणत ने बताया कि तेज नगर महिला मंडल द्वारा भक्तिरस से ओत-प्रोत भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, आयोजन समिति अध्यक्ष चेतना पाटीदार, दिनेश पाटीदार, रजतसिंह पंवार, हेमंत मूणत, भगवती शंकर रावल, प्रदीप रस्से, आलोक सिंह पंवार, सत्यनारायण राठौड़, मांगीलाल पांडे, हेमंत बैरागी, करण पाटीदार, लोकेंद्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह, हेमंत सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन समिति अध्यक्ष श्रीमती पाटीदार ने बताया की वासुकी नाथ बाबा की कृपा से यह पर्व हर वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। वासुकी धाम पर प्रति रविवार व उजियारी पंचमी को बाबा का दूध, दही और पंचगव्य से अभिषेक किया जाता है, जिसके जल से कालसर्प दोष, पितृ दोष, गृह क्लेश सहित विभिन्न शारीरिक रोगों का निवारण होता है। इस बार भी भक्तों के लिए विशेष धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन किया गया है।



**यह होंगे आयोजन**

- सोमवार को प्रातः 8 बजे सहस्त्रधारा अभिषेक, रात्रि 8 बजे सुंदरकांड।
- मंगलवार :नागपंचमी को प्रातः 8 बजे बॉम्बी पूजन, 11 बजे यज्ञ, 4 बजे पूर्णाहुति, 5 बजे महाआरती व भंडारा।



# जावरा में 36 घंटे में करीब 5 इंच बारिश

### नदी-नाले ऊफान पर, नाले में बही गुलाबबाई का नही चला पता

**जावरा।** जावरा और पिपलौदा मे पिछले 36 घंटे में करीब 5 इंच बारिश हुई है। शनिवार के बाद रविवार को हुई जोरदार बारिश से नदी-नाले ऊफान पर आ गए। अनेक क्षेत्रों की पुलिया व रपटों पर पानी बहने लगा। नांदलेटा गांव से करीब एक किलोमीटर दूर कालबेलिया बस्ती में रहने वाली गुलाबबाई व उनकी 12 वर्षीय पोती काजल शनिवार को गांव से बस्ती जाते समय नाला पार कर रहे थे, तभी पानी का बहाव तेज होने से गुलाबबाई पानी मे बह गई थी। काजल ने जैसे-तैसे नाला पार कर लिया था। सूचना मिलने पर अनेक ग्रामीण व पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और खोजबीन की थी लेकिन गुलाबबाई का पता नहीं चल पाया था। रविवार सुबह एसडीईआरएफ की टीम, अधिकारी पुनः वहां पहुंचे तथा गुलाबबाई की खोजबीन शुरू की गई, लेकिन 36 घण्टे के बाद भी वह नहीं मिली।

रविवार शाम तक जावरा मे करीब साढे 23 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि पिछले वर्ष एक जून से 27 जून तक करीब 12 इंच बारिश हुई थी। पिछले वर्ष की तुलना में अब तक जावरा में करीब साढे 11 इंच अधिक बारिश हो चुकी है। जिले में इस वर्ष अब तक सबसे ज्यादा करीब 33 इंच बारिश सैलाना तहसील में हुई है। इसके अलावा रतलाम तहसील में करीब 21 इंच, पिपलौदा और रावटी में करीब 25-25 इंच बारिश हो चुकी है।

## धार्मिक प्रश्नोत्तरी का हुआ आयोजन




**जावरा।** साध्वी डॉ प्रीति दर्शना श्रीजी की निश्रा में रविवार को धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन आईपीएल की तर्ज (जिन शासन प्रीमियर लीग जेपीएल) पर खेला गया। 11 टीम बनाई गई, सभी टीमों ने बढ़चढ हिस्सा लिया। जेपीएल धर्मज्ञान मैच की विजेता टीम पुंडरीक स्वामी रही।

## पुष्य नक्षत्र में 151 भैया-बहनों को पिलाया स्वर्ण प्राशन



**जावरा।** विद्याभारती की योजनानुसार कश्मीरी गली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, शिशु वाटिका में पुष्य नक्षत्र में 151 भैया-बहनों को स्वर्ण प्राशन पिलाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश भाटिया (पंचकर्म चिकित्सा विशेषज्ञ) एवं विशेष अतिथि विद्या तिवारी रहे। अतिथी परिचय प्रमिला टुकड़िया ने दिया। स्वागत दीपिका राठौड़ एवं हेमा मौर्य ने किया। फाउंडेशन स्टेज तक 150 अभिभावक अपने बच्चों को लेकर उपस्थित हुए।




# गुरु के प्रति समर्पण श्रद्धा भाव हो तो देवता भी करते है नमन : सरिताश्रीजी

**जावरा।** राष्ट्रसंत आचार्य सम्राट गुरुदेव आनंदऋषि मसा की 125 वी जन्म जयंती के अवसर पर दिवाकर भवन पर परम विदुषी महासती सरिताश्रीजी मसा के सानिध्य में गुणानुवाद सभा का आयोजन किया। आपने कहा की गुरुदेव का जन्म महाराष्ट्र के चिन्चोडी ग्राम में विक्रम संवत 1957 में माता हुलसा की रत्नकुक्षी से हुआ। देवीचंद आपके पिता थे। कम उम्र में पिता का देवलोकगमन हो गया। आप बचपन से सरलता,सरसता कुशाग्र बुद्धि के कारण आपकी आध्यात्मिक एवं आगमो का ज्ञान कंठस्थ हो गया था। रत्नऋषि के शिष्य के रूप में संयम अंगीकार कर आचार्य आत्मारामजी मसा के बाद श्रमण संघ के द्वितीय पट्टधर के रूप में आचार्य पद ग्रहण कर 30 वर्षो तक श्रमण संघ को एकता के सूत्र में जोड कर मजबूती प्रदान की। आपने बताया की 49 पीडियां निष्कर्म हो तो तीर्थकर जन्म होता है। 27 पीडियां निष्कर्म हो तो देव एवं 7 पीडियां निष्कर्म हो तो साधू साध्वी परिवार में जन्म लेते है। एविष्णु की तरह पालन व महेश की तरह हमें भगवन बना सकते है। गुरु के प्रति समर्पण श्रध्दा भाव हो तो देवता भी नमन करते है। मधुर व्याखानी प्रियंका श्रीजी मसा ने कहा की महापुरुषों का जीवन उस फूल की तरह होता है जिसकी कली कली खिली रहती है ।